केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 232 शुक्रवार 21 मार्च 2025 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### जिला एकीकरण समिति की बैठक कराने की मांग

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । जिला एकीकरण समिति के सदस्य सरदार जगबीर सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र देकर शासनादेश के अनुरूप वर्ष के प्रत्येक तीन माह में बैठक कराये जाने की मांग किया।

सरदार जगबीर सिंह ने सीडीओ को बताया कि यह दुःखद है कि नियमानुसार जिला एकीकरण समिति की बैठक नहीं हो पा रही है। बताया कि सीडीओ ने नियमानुसार बैठक कराये जाने का आश्वासन दिया है।

### ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने का निर्देश

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने बस्ती शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया है। आयुक्त सभागार में आयोजित कर–करेत्तर, चकबन्दी तथा शान्ति एवं कानून व्यवस्था की बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि मुख्य बाजार में लोगों को आने–जाने के लिए सुविधाजनक ढंग से रास्ता मिले, इसके लिए अतिक्रमण हटवाये तथा पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करायें। इस संबंध में उन्होने संबंधित अधिकारियों तथा व्यापारिक संगठनों से विचार–विमर्श करने का निर्देश दिया है।

पुलिस उप महानिरीक्षक दिनेश कुमार पी. ने कानून व्यवस्था पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होने कहा कि सरकारी भूमि पर कब्जा करने वाले व्यक्तियों पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

### वार्षिकोत्सव के लिये निकली शोभा यात्रा



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । आर्य समाज गांधी नगर, बस्ती के 106वां वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ शोभायात्रा से हुआ। यह यात्रा आर्य समाज गांधी नगर बस्ती से होते हुए कम्पनी बाग पहुंची, जिसका स्वागत वेद प्रकाश आर्य ने किया। इसके उपरान्त शोभायात्रा रौता चौराहा होते हुए रोडवेज तिराहा पहुंची जहां बृजकिशोर आर्य, विनोद कुमार, बशिष्ठ पाण्डेय, सर्वेश श्रीवास्तव, राजेन्द्र उपाध्याय, लवकुश सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने स्वागत किया।

कई वर्षों बाद आर्य समाज गांधी नगर बस्ती से निकली शोभायात्रा अत्यंत मनोहर थी। जिसमें उत्तराखण्ड से आये भजनोपदेशक पं0 देवशर्मा, सत्येन्द्र वर्मा ने बैलगाड़ी पर बने हुए मंच से अनेक भजन प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

यह वार्षिकोत्सव 20 मार्च से प्रारम्भ होकर 23 मार्च 2025 तक चलेगा। जिसमें देवयज्ञ, भजन एवं उपदेश, जीवन में शाकाहार का महत्व, वेद एवं ईश्वर पर उपदेश, संस्कार सम्मेलन, आर्य समाज का योगदान और 23 मार्च को महिला सशक्तीकरण सम्मेलन, राष्ट्र रक्षा सम्मेलन पर विद्वानजन अपना उपदेश देंगे।

आमंत्रित विद्वानों में पं0 विमल कुमार वैदिक प्रवक्ता हरदोई, रविन्द्र आर्य वैदिक विद्धान कानपुर, पं0 देवशर्मा भजनोपदेशक उत्तराखण्ड एवं स्थानीय पं0 राधेश्याम सिंह, उपदेशक तथा भजनोपदेशक सत्येन्द्र वर्मा अपने भजनों के माध्यम से संदेश देंगे।

शोभायात्रा में मुरलीधर भारती, ओमप्रकाश आर्य, राधेश्याम सिंह, सत्येन्द्र वर्मा, हरिहर मुनि प्रधान आर्य समाज गांधीनगर, वेद आर्य, गरूणध्वज, देवव्रत, बृजकिशोर आर्य, सुमन आर्य सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## भ्रष्टाचार के मामलों में लखनऊ के पूर्व डीएम अभिषेक प्रकाश निलम्बित

**लखनऊ (आभा)।** भ्रष्टाचार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा एक्शन लिया है। राजधानी लखनऊ के जिलाधिकारी रहे अभिषेक प्रकाश को निलंबित कर दिया गया है। अभिषेक प्रकाश इन दिनों इनवेस्ट यूपी के सीईओ के पद पर थे। सोलर इंडस्ट्री लगाने के लिए एक उद्यमी ने इन्वेस्ट यूपी पोर्टल पर आवेदन किया था। आरोप है कि अभिषेक ने एक बिचौलिए के जरिए उद्यमी से पांच प्रतिशत कमीशन मांगा था। उद्यमी ने मामले की शिकायत सीएम योगी तक पहुंचाई थी। इसके बाद मामला एसटीएफ के हवाले कर दिया गया था। एसटीएफ ने शिकायत को सही पाया और उद्यमी से कमीशन मांगने वाले निकांत जैन को के खिलाफ गोमती नगर थाने में एफआईआर दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। इसी के बाद अभिषेक प्रकाश को भी निलंबित कर दिया गया।




बताया जा रहा है कि एसटीएफ की फाइल दो तीन दिनों से शासन के पास घूम रही थी। अभिषेक प्रकाश को बचाने की भी कोशिश हो रही थी। हालांकि सीएम योगी ने अभिषेक को कोई रियायत नहीं दी। एसटीएफ की रिपोर्ट पर अभिषेक को निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया गया। अभिषेक को योगी सरकार में ही कभी बेहद ताकतवर अफसर भी माना जाता था। हालांकि एक के बाद एक कई आरोप अभिषेक प्रकाश पर लगते रहे।

इससे पहले अभिषेक पर डिफेंस कॉरिडोर में भूमि अधिग्रहण के मुआवजे में धांधली का आरोप लगा था। उसकी भी जांच हो रही है। लखनऊ के सरोजिनीनगर तहसील के भटगांव क्षेत्र में जमीन का अधिग्रहण इसी परियोजना का हिस्सा था। अधिग्रहण और मुआवजे में घोटाले का आरोप लगने पर हुई जांच में पता चला कि 20 करोड़ रुपये का मुआवजा अधिकारियों ने अवैध तरीके से हासिक किया था। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार यह मुआवजा उन किसानों और जमीन मालिकों को दिया जाना था, जिनकी भूमि अधिग्रहीत की गई थी, लेकिन इसकी जगह अफसरों ने गड़बड़ी करके खुद मुआवजे की रकम उठा ली।

इसी मुआवजे को लेकर लखनऊ के तत्कालीन डीएम अभिषेक प्रकाश की भूमिका पर सवाल उठे। कहा गया कि उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया के दौरान अधिकारियों की मिलीभगत को नजरअंदाज किया। जांच में सामने आया कि उनके करीबी अधिकारी, तहसीलदार और कानूनगो इस घोटाले में प्रमुख भूमिका निभा रहे थे। सरोजिनीनगर के कानूनगो पर आरोप है कि उसने इस पूरी साजिश को अंजाम दिया और मुआवजे की राशि हड़प ली।

राजस्व परिषद के चेयरमैन की अगुवाई में इस मामले की जांच की गई। इसमें पाया गया कि जमीन के अधिग्रहण में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुईं। पता चला कि मुआवजे की रकम उन जमीनों पर दी गई, जो पहले से ही पट्टे पर थीं और जिन्हें कानूनी रूप से मुआवजा नहीं मिलना चाहिए था। अभिषेक प्रकाश की जिम्मेदारी थी कि वह इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी करते, लेकिन उन्होंने अनदेखी की या फिर जानबूझकर इस भ्रष्टाचार में संलिप्त रहे।

## छात्र हितों को लेकर संघर्ष तेज करेगी एन.एस.यू.आई.




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। गुरूवार को एन.एस.यू. आई. ए.पी.एन. इकाई के गठन को लेकर रौता स्थित शिविर कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। संयोजन कर रही सोनम सैनी ने बैठक में बताया कि ए.पी.एन. पी.जी. कालेज में एन.एस.यू.आई. पूरी मजबूती से छात्र हितों की आवाज उठा रही है।

एन.एस.यू.आई. जिलाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी ने कहा कि नये सत्र में छात्र संघ चुनाव कराये जाने को लेकर चरणबद्ध तरीके से आन्दोलन किया जायेगा। छात्र संघ चुनाव प्रभारी नोमान अहमद ने कहा कि एन.एस.यू.आई. इकाई की कमेटी में सभी वर्गों की भागीदारी पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुधीर यादव ने कहा कि छात्रों के मुद्दे पर युवा कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ छात्रों के साथ खड़ी है। बैठक में शीलम कुमारी, नन्दनी, शहजादी आदि मौजूद रहे।

## सिंचाई बंधु की बैठक में उठे जमीनी मुद्दे




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपाध्यक्ष गजेन्द्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि सरकार की योजनाओं एवं नीतियों से किसानों की आय में निरन्तर वृद्धि हो रही है। हमारे जनपद में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किसानों को समय–समय पर किसान गोष्ठी, जनजागरूकता मेला एवं शिविर लगाकर लोगों को लाभ दिलाया जा रहा है।

उन्होने सरयू नहर खण्ड–04, अयोध्या, गोण्डा खण्ड द्वारा संचालित नहरों, कट एवं कुलावों, नलकूप, गन्ना, विद्युत, वन, उद्यान, लघु सिंचाई, भूमि संरक्षण सहित एजेण्डे में शामिल सभी विभागों की गहन समीक्षा किया। विधायक प्रतिनिधि कप्तानगंज गुलाब चन्द्र सोनकर ने कहा कि बाढ क्षेत्र सुबिखाबाबू व नगरीय क्षेत्र बस्ती डमरूआ में बाढ आपदा के दृष्टिगत बॉध बनाये जाने व वहॉ के लोगों को बाढ से बचाव हेतु उच्च स्तर पर पत्राचार किए जाने का निर्देश उपस्थित विभागीय अधिकारी को दिया।

विधायक प्रतिनिधि हर्रैया सरोज मिश्र ने परसरामपुर विकास खण्ड के किसानों के नलकूपों के संबंध में जनशिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करने का निर्देश दिया। विधायक प्रतिनिधि महादेवा फूलचन्द्र श्रीवास्तव तथा सदर प्रतिनिधि मु0 सलीम ने जनशिकायतों के संबंध में विभागवार अद्यतन सूची बनाये जाने तथा प्रतिनधिगणों को ससमय अवगत कराये जाने का निर्देश दिया और कहा कि शासकीय योजनाओं में लाभांश वितरण के समय जनप्रतिनधियों को अवश्य आमंत्रित किया जाय। उक्त के संबंध में बेहतर कार्य एवं दिशा निर्देशों का अनुपालन कराये जाने का उपस्थित अधिकारियों ने पूर्ण आश्वासन दिया।

बैठक में सांसद प्रतिनिधि जवाहर लाल वर्मा, सत्येन्द्र विश्वकर्मा, रामनरेश, भानुप्रताप त्रिपाठी, हरिश्चन्द्र उपाध्याय, सुरेन्द्र कुमार चौधरी, रामवृक्षराम, कमलेश कुमार, गरिमा द्विवेदी, शिवचरन, अम्बिकेश प्रताप सिंह, बलिकरन चौहान, हरेन्द्र प्रसाद तथा दुर्गेश कुमार उपस्थित रहें।

## शिक्षक सम्मान समारोह, शिक्षा उन्नयन गोष्ठी में विमर्श






**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा बीआरसी हरैया के प्रांगण में गुरुवार को शिक्षक सम्मान समारोह एवं शिक्षा उन्नयन गोष्ठी का आयोजन जिलाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें गत वर्षों में सेवानिवृत्त हुए 31 शिक्षकों को माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र और छड़ी आदि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमएलसी देवेन्द्र प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि हर्रैया विधायक अजय सिंह, बीईओ विजय आनन्द और जिलामंत्री बालकृष्ण ओझा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके किया। ब्लॉक अध्यक्ष रामसागर वर्मा, मंत्री राम प्यारे, तहसील अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, सत्यराम वर्मा, संजीव सिंह, गिरिजेश बहादुर सिंह, विवेक कान्त पाण्डेय, वैभव मिश्र की अगुवाई में अतिथियों का माल्यार्पण, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर

### – ज्ञान, विज्ञान से समृद्ध हो प्राथमिक शिक्षा – देवेन्द्र सिंह
### –शिक्षक देश, समाज, भविष्य के निर्माता – अजय सिंह

स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक समाज, राष्ट्र की चेतना का पुंज है। प्राथमिक शिक्षा ज्ञान, विज्ञान से समृद्ध होनी चाहिए। कहा कि पूरे देश में वन नेशन वन एजुकेशन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को पुरानी पेंशन मिलनी चाहिए। विधायक ने कहा कि शिक्षक देश, समाज और भविष्य का निर्माता है। शिक्षा के उन्नयन की जिम्मेदारी हम सबकी है जिसमें शिक्षकों की जिम्मेदारी सबसे ज्यादा है। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक समाज के अंतिम पायदान के बच्चों को शिक्षित करके समाज के उन्नयन का काम कर रहे हैं। सेवानिवृत शिक्षक शिव शंकर सिंह, कुलदीप तिवारी, चंद्रभाल शुक्ल, राकेश कुमार लाल, यशोदा देवी, इंद्रा सिंह, रामआज्ञा, रामभवन, राम नयन सहित कुल 31 सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कंपोजिट विद्यालय निपनिया के बच्चों द्वारा खो–खो खेल में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय के शिक्षक अखिलेश सिंह और प्रेम कुमार को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन योगेश कुमार सिंह ने किया।

इस अवसर पर शिव पूजन आर्य, दुर्गेश यादव, सुधीर तिवारी, शिव प्रकाश सिंह, वीरेन्द्र शुक्ल, प्रवीन श्रीवास्तव, सुरेश गौड़, सनद पटेल, डॉ प्रमोद सिंह, देवेन्द्र सिंह, मुरलीधर, प्रताप नारायण, कुलदीप सिंह, सत्यप्रकाश, नंदलाल, राजेश सिंह, ओम प्रकाश, अरुण शुक्ल, दुखरन शुक्ल, यशोदानंदन ओझा, सर्वदेव सिंह, उदय प्रताप सिंह, संदीप सिंह, डेविड सिंह, चिन्मय राय, अमरचंद, अविनाश सिंह, सुनील शुक्ल, देवेंद्र शुक्ल, गोपाल दूबे, शशांक दूबे, मनीष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, लवकुश त्रिपाठी, निशांत मिश्र, पीयूष मिश्र, विद्यासागर वर्मा, राजीव शरण, राम नरेन्द्र, अशोक वर्मा, हरी सिंह, राकेश सिंह, गिरिजेश सिंह, शैलेश सिंह, आदित्य सिंह, अजीत वर्मा, सर्वेश वर्मा, अजीत, राजकुमार सिंह, किरन शुक्ला, नीलम सिंह, मीरा चौधरी, भारती शुक्ला, निरुपमा तिवारी, श्रेया पाण्डेय, मंजूरानी, एकता सिंह, मधु सिंह, रूपम श्रीवास्तव, सोनिया, सरोज देवी, हरी जी मिश्र, चंद्रमणि वर्मा, राकेश प्रकाश श्रीवास्तव, सुनील कुमार, ऋषि सिंह, दिवाकर सिंह, राजेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## विकास कार्यों के क्रियान्वयन में लापरवाही क्षम्य नहीं– मण्डलायुक्त

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । शासन के प्राथमिकताओं के विकास कार्यो में किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही क्षम्य नही होगी। मण्डलीय अधिकारी विभाग में संचालित लाभपरक योजनाओं का प्रत्येक दशा में पात्र व्यक्ति को चिन्हित कर लाभ अवश्य पहुँचायें। उक्त निर्देश मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने मण्डलीय विकास कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये है। उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि जो परियोजनाए पूर्ण हो चुकी है, उन्हें तत्काल सीएमआईएस पोर्टल पर अपलोड किया जाय। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए उन्होने संयुक्त निदेशक कृषि अविनाश चन्द्र तिवारी को निर्देश दिया कि शासनमंशानुरूप शतप्रतिशत कार्य को पूर्ण कर लिया जाय।



मण्डलायुक्त ने मुख्यमंत्री शादी विवाह योजना, कन्या विवाह सहायता योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि कोई भी पात्र आवेदन किसी भी स्तर पर लम्बित ना रहें। उन्होने विभागवार योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों की श्रेणी 'ए' है, ऐसे विभाग 'ए' प्लस श्रेणी में आने का प्रयास करें और 'ए' प्लस वाले यथास्थिति को बनाये रखें। संचारी रोग की समीक्षा करते हुए उन्होने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिनको जो दायित्व मिला है, उसे आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनायें।

बैठक का संचालन संयुक्त विकास आयुक्त बलराम कुमार ने किया। इसमें जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, महेन्द्र सिंह तंवर, राजा गणपति आर, सीडीओ सार्थक अग्रवाल, जयकेश त्रिपाठी, जयेन्द्र कुमार, उप निदेशक अर्थ एवं संख्या अमजद अली अंसारी, तीनों जिलों के सीएमओ, डीएफओ जयप्रकाश, डीपीआरओ रतन कुमार, पीओ डूडा सुनीता सिंह सहित मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## पानी पैकिंग के फैक्ट्री पर छापा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पालीटेक्निक के पास गुरुवार को एक पानी फैक्ट्री पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने छापेमारी की। यहां हजारों लीटर बोतलबंद पानी बरामद हुआ। जांच के दौरान पाया गया कि पार्टनरशिप में यह फैक्ट्री चलाने का मामला है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल सिंह ने बताया कि संतकबीरनगर का व्यक्ति अदनान ने शिकायत किया कि उसके रजिस्टर्ड फर्म वेदिक नाम से मुबारक अली और सतीश सिंह मिलकर पानी की पैकिंग कराते हुए उसकी सप्लाई कर रहे हैं। जबकि हम इस ब्रांड को बंद कर चुके हैं। बावजूद इसके वह सप्लाई कर रहे हैं। छापेमारी के दौरान बड़े पैमाने पर बोतल बंद पानी रखा पाया गया है। चीफ फूड इंस्पेक्टर ने बताया कि टीम के साथ छापेमारी



की और शिकायतकर्ता भी मिला। उसकी निशानदेही पर वहां टीम पहुंची, गोदाम में पानी मिला। बताया कि उसे सील कर दिया गया है। संबंधित से जवाब मांगा गया कि कागज आदि दिखाएं। बताया गया कि पहले दोनों इसी फैक्ट्री को पार्टनशिप में चलाते थे। बाद में शिकायतकर्ता ने अपना नाम वापस ले लिया था। लेकिन, उसका कहना है कि उसी फर्म पर पानी बनाकर सप्लाई करते हैं। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। मुबारक अली और सतीश सिंह गोरखपुर में प्रत्यावेदन देकर रजिस्टर्ड की बात कह रहे हैं।

## रूस का एयरबेस ड्रोन हमले में तबाह

मास्को (आभा)। एक तरह जहां रूस–यूक्रेन के बीच शांति के लिए अमेरिका जोर आजमाइश कर रहा है, वहीं ये दोनों देश जमीन पर एक दूसरे को बख्शने के मूड में नहीं दिख रहे हैं। यूक्रेन ने गुरुवार को रूस के एंगेल्स स्ट्रैटेजिक बॉम्बर बेस पर ड्रोन हमला किया, जिससे जबरदस्त धमाका हुआ। धमाके की वजह से धुएं का गुबार और आग की लपटें उठने लगीं। ये हमला जंग के मोर्चे से करीब 700 किलोमीटर दूर हुआ।

रूस के सरकारी अफसरों के हवाले से रायटर्स ने इस धामके वाले वीडियो की पुष्टि की है।

## कबीर आश्रम और मंदिर के पास से शराब की दूकान हटाने की मांग: सौंपा ज्ञापन

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । सरदार सेना के बस्ती सदर विधानसभाध्यक्ष आकाश पटेल और समाजसेवी रवि पाल पटेल के नेतृत्व में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कोतवाली थाना क्षेत्र के मूड़घाट से देशी शराब और कम्पोजिट शराब की दूकान हटाये जाने की मांग किया।



डीएम को दिये ज्ञापन में कहा गया है कि कबीर आश्रम और मंदिर के निकट शराब की दूकान खुल जाने से ग्रामीणों को काफी असुविधा हो रही है। मांग किया कि व्यापक जनहित में शराब की दूकान को तत्काल प्रभाव से हटवाया जाय। इसी कम में सरदार सेना ने बस्ती–फैजाबाद हाइवे मूडघाट के निकट ओबर व्रिज बनाये जाने की मांग किया जिससे दुर्घटनाओं पर रोक लगे। समाजसेवी रवि पाल पटेल ने कहा कि शराब की दूकान खुल जाने से लोगों में रोष है। तत्काल इसे हटवाया जाय।

डीएम को ज्ञापन देने के दौरान मुख्य रूप से जगराम चौधरी, हरीश यादव, परशुराम प्रजापति, हरिश्चन्द्र चौहान, जान साहनी, सिद्धनाथ प्रजापति, लालजीत यादव, रोहित चौहान, अंगद, सूरज, संगद, राहुल, प्रर्मिला, सीता देवी, उर्मिला, मीरा देवी, सुमित्रा, संगीता, नीलम, मीना, अनीता, कलावती आदि शामिल रहे।

## जमीनी विवाद, मारपीट, छेड़खानी मामले में डीआईजी से लगाया न्याय की गुहार

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

**बस्ती ।** लालगंज थाना क्षेत्र के महसो खास निवासिनी मीनू पत्नी बच्चूलाल गौड़ ने गुरूवार को डीआईजी को पत्र देकर जमीनी विवाद में मारपीट और छेड़खानी मामले में दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर न्याय की गुहार लगाया है।



भेजे पत्र में मीनू पत्नी बच्चूलाल ने कहा है कि उसका परिवार अपने सहन की सुरक्षा के लिये बाउन्ड्रीवाल बनवा रहा था। गांव के नागेन्द्र शुक्ल पुत्र सुरेन्द्र शुक्ल, प्रशान्त, विनीत, वीरेन्द्र पुत्र सुरेन्द्र शुक्ल निर्माण कार्य का वीडियो बना रहे थे। मामले में हल्का लेखपाल ने पैमाइश किया जिसमें मीनू का घर गांव के डीह आबादी में पाया गया। उसके मकान के आस पास नागेन्द्र, वीरेन्द्र आदि की जमीन भी नहीं है। डीआईजी को दिये पत्र में मीनू पत्नी बच्चूलाल गौड ने कहा है कि गत 16 मार्च को जब वह घर में अकेली थी तो नागेन्द्र शुक्ल के पुत्र विनीत उर्फ प्रिन्स उसके घर में घुस आये और छेड़खानी करने लगे। उसके शोर मचाने पर पति और भाई दौड़े आये तो प्रिन्स घर से भाग गया। इसके बाद उसके पिता नागेन्द्र, भाई प्रशान्त, चाचा वीरेन्द्र शुक्ल लाठी डंडा लेकर घर पर चढ आये और गालियां दी। मारपीट के दौरान उसके भाई अभिषेक का सिर फट गया, पति को भी चोटें आयी। घटना की सूचना लालगंज पुलिस को 112 नम्बर पर दिया गया और थाने पर तहरीर भी दिया गया किन्तु लालगंज पुलिस ने न तो डाक्टरी मुआयना कराया न मुकदमा पंजीकृत हुआ। उसने मांग किया है कि प्रकरण में दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर उसके परिवार के जान माल की रक्षा कराया जाय।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक भारतीय बस्ती
बस्ती 21 मार्च 2025 शुक्रवार

## सम्पादकीय

# मौसम का बदलता मिजाज

मौसम के बदलते मिजाज ने अनेक मुश्किलें खड़ा करना शुरू कर दिया है। कभी जिस मार्च के महीने को ठंड–गर्म के मिलेजुले सुहावने मौसम के रूप में याद किया जाता रहा है, उस दौरान यदि कई राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की जा रही है तो यह हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। निर्विवाद रूप से यह दीवार पर लिखी इबारत है कि ग्लोबल वार्मिंग का गहरा असर हमारे जन–जीवन पर गहरे तक पड़ रहा है। मौसम के मिजाज में अभूतपूर्व बदलाव देखिए कि जहां हाल ही में कश्मीर, हिमाचल व उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी व कुछ राज्यों में बारिश हुई है, वहीं मौसम विभाग ने देश के पांच राज्यों में गर्म हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। एक ओर जहां झारखंड व ओडिशा में रेड अलर्ट जारी किया गया है तो पश्चिम बंगाल, ओडिशा और महाराष्ट्र में विदर्भ के इलाकों में गर्म हवा चलने की चेतावनी दी गई है। बीते रविवार को ओडिशा के एक शहर का तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं झारखंड में कुछ जगह पारा चालीस पार कर गया। पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में लू चलने की खबरें हैं। मौसम विज्ञानी हैरत में हैं कि जैसी गर्मी पिछले साल अप्रैल के महीने में महसूस की गई थी, वैसी गर्मी मार्च के मध्य में क्यों महसूस की जा रही है। मौसम विभाग इसकी वजह देश के ऊपर बना उच्च दबाव मानता है। वहीं साफ मौसम की वजह से सूरज की सीधी किरणें तेज पड़ रही हैं। चेतावनी दी जा रही है कि आगामी कुछ दिनों में देश के अधिकांश हिस्से तेज गर्मी की चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में हमारी सरकारों को ग्लोबल वार्मिंग के घातक प्रभावों के मद्देनजर बचाव के उपायों को तेज करने की जरूरत है। साथ ही नागरिकों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि लोगों का रहन–सहन, खान–पान और सार्वजनिक स्थलों पर व्यवहार कैसे रहें, ताकि लू की मार से बचा जा सके। गर्मी के दुष्प्रभाव पीड़ित लोगों के उपचार के लिये अस्पतालों में आपातकालीन वार्ड बनाए जाने की जरूरत है।

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि मौसम के तेवरों में तल्खी के चलते हमारी खाद्य शृंखला भी खतरे में पड़ती दिखाई दे रही है। इन तीव्र बदलावों के चलते जहां खाद्यान्नों की पैदावार में गिरावट आ रही है, वहीं किसान बाढ़ व सूखे से भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। भारत में ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों पर शोध करने वाली एक संस्था का कहना है कि क्षेत्रीय आधार पर चरम मौसम की मार अलग–अलग राज्यों में अलग–अलग प्रभाव डाल रही है। अब तक देश के जो इलाके बाढ़ के प्रभाव के लिये जाने जाते थे, वहां अब सूखे का असर दिख रहा है। वहीं दूसरी ओर सूखाग्रस्त माने जाने वाले इलाकों में बाढ़ का प्रकोप बढ़ रहा है। ऐसे जिलों की संख्या सैकड़ों में बतायी जा रही है, जिसका सीधा असर फसल की पैदावार पर पड़ रहा है। यह तथ्य सर्वविदित है कि ग्लोबल वार्मिंग का असर विश्वव्यापी है, लेकिन भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश के लिए यह प्रभाव कालांतर में खाद्य संकट पैदा करने वाला साबित हो सकता है। वहीं दूसरी ओर समुद्री जल का तापमान बढ़ने से जो जल स्तर बढ़ रहा है, उसके चलते देश के कई द्वीपों व समुद्रतटीय इलाकों में जीवन पर संकट मंडराने लगा है। यह संकट पहाड़ी राज्यों में असर डाल रहा है। जहां बर्फबारी कम होने से फल व खाद्यान्न उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यहां तक कि उत्तराखंड में शीतकालीन खेलों की पहचान रखने वाले औली में कम बर्फ पड़ने के कारण इस बार भी शीतकालीन खेलों को स्थगित करना पड़ा है। वातावरण में बढ़ते तापमान के कारण यहां बर्फ समय से पहले ही पिघल गई। बीते साल देश के विभिन्न राज्यों में लू चलने की संख्या पिछले डेढ़ दशक में सबसे ज्यादा थी। आशंका जतायी जा रही है कि इस बार गर्मी नये रिकॉर्ड बना सकती है, जिसके चलते आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर गंभीर होने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर, हमें बढ़ते तापमान के साथ जीने की कला भी सीखनी ही होगी।

# परस्पर संवाद से हो क्षेत्रीय मुद्दों का समाधान



–गुरबचन जगत–



इस सदी के पहले डेढ़ दशक के दौरान मुझे दक्षिण और उत्तर–पूर्वी भारत का व्यापक दौरा करने का अवसर मिला था। इससे पहले,जम्मू–कश्मीर में उथल–पुथल भरे कुछ वर्षों के दौरान वहां रहने का भी मौका मिला था और बेशक पंजाब तो मेरा गृह राज्य है ही और यही वह सूबा है जहां पर 1966 में बतौर आईपीएस मेरी सेवाएं शुरू हुई थीं। यह इस महान राष्ट्र में मेरे दायरे की विहंगम दृश्यावली है और अकसर मैं इसकी विशालता पर विस्मित हुआ करता हूं। लगभग पांच दशकों की सरकारी सेवा के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में दौरा–निरीक्षण, लोगों से हुआ मेल–जोल 'विविधता में एकता' के पुराने सिद्धांत को समृद्ध परिप्रेक्ष्य प्रदान करता है।

हमारे पूर्वजों की बुद्धिमत्ता और संविधान के अनुच्छेद 15 में अंतर्निहित सिद्धांत की बदौलत हमारे राष्ट्र को मिले संतुलन का मैं गवाह हूं। पुलिस में अपने कार्यकाल के दौरान मैंने यह उस तबाही को भी देखा है जो निहित स्वार्थों द्वारा पुरानी विभाजन रेखाओं को उभारने से बन सकती है। इन दिनों राष्ट्रीय मीडिया पर दक्षिण भारत की हलचल की खबरें खूब छाई हुई हैं और राजनीतिक, प्रशासनिक और सामाजिक गलियारों में भी यह गर्मागर्म बहस का विषय है। इस विवाद की हालिया वजह 2026 में होने वाली नई जनगणना के आधार पर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों का अपेक्षित परिसीमन है। अन्य कारकों में समान नागरिक संहिता, नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन, हिंदी थोपने की आशंका, संघीय ढांचे को कथित रूप से कमजोर करना और केंद्र सरकार से राज्यों को अपर्याप्त धन का प्रवाह है।

दक्षिणी राज्यों को लगता है, और शायद यह सही भी है, समग्र विकास सूचकांकों में वे मध्य और उत्तर भारत के राज्यों की तुलना में कहीं अधिक आगे हैं, विशेष रूप से आईटी क्षेत्र, विनिर्माण, फार्मास्यूटिकल्स, मानव संसाधन विकास, उच्च तकनीकी और स्कूली शिक्षा में। उनकी एक बड़ी संख्या अनिवासी भारतीयों की भी है, जो विदेशों से राष्ट्रीय कोष में अरबों डॉलर जोड़ते हैं। दक्षिण भारत का समुद्री मार्ग से खाड़ी एवं अन्य देशों के साथ व्यापार का समृद्ध इतिहास रहा है, जो उन्हें व्यापार और विस्तारित परिवारों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आपस में काफी जोड़कर रखता है। आज बंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई अग्रणी ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर्स हैं, और उन्हें अपने यहां बड़ी संख्या में कामगार प्रवासी समुदाय और सफेदपोश नौकरियां मुहैया करवाने पर गर्व है। उन्हें डर यह है कि आगामी परिसीमन उनके राजनीतिक और वित्तीय भविष्य की जड़ों को काट देगा। शिक्षा ने दक्षिण भारत को परिवार नियोजन के लाभों से जागरूक किया और उन्होंने आबादी नियंत्रण में काफी सफलता भी प्राप्त की है।

यदि परिसीमन की वर्तमान प्रक्रिया को अंजाम दे दिया जाता है तो संसद में वहां से आने वाली कुल सीटों का प्रतिशत घट जाएगा और इसके मुख्य लाभार्थी यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र होंगे। इन दिनों इस विषय पर खुलकर कहा जा रहा, लेकिन जब मैं दक्षिण भारत में कुछ बैठकों में भाग लेने जाता था तब नौकरशाही के स्तर पर इस मामले पर बात दबी आवाज में की जाती थी। उनका डर यह था कि शिक्षा, नियंत्रित जनसंख्या, बेहतर संस्थागत और शैक्षिक बुनियादी ढांचा और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में अधिक योगदान के बावजूद, संख्या के आधार से वे कभी राजनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण स्थिति में नहीं रह पाएंगे। यह बात बिना लाग–लपेट कही जाती थी, बाकी आप पर छोड़ दिया जाता था कि अपने निष्कर्ष खुद निकालें। केन्द्र के साथ खुले संवाद के अभाव में, धीरे–धीरे राजनेता सार्वजनिक मंचों पर आकर अब वह सब कहने लगे हैं, जो पहले अनकहा रहा। उन्हें परिसीमन नहीं चाहिए, वे समान नागरिक संहिता नहीं चाहते, वे नहीं चाहते कि हिन्दी उनपर थोपी जाए, बल्कि वे केंद्र से ज्यादा धन और राष्ट्रीय राजनीतिक मंच पर अधिक हैसियत चाहते हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या कोई उनसे इस सिलसिले में वार्ता कर रहा है? यह सरकार का कर्तव्य होता है कि संभावित समस्या का पूर्वानुमान लगाए और सुनिश्चित करे कि पुराने और नए विवादों की बारीक दरारें चौड़ी खाई में परिवर्तित न होने पाएं। हमें नहीं भूलना चाहिए कि क्षेत्रीय राजनीति पर द्रविड़ आंदोलन का हमेशा से तगड़ा साया रहा है और डीएमके, एआईएडीएमके और एमडीएमके, सभी इसी आंदोलन की उपज हैं।

फिलहाल पांच प्रमुख दक्षिणी राज्य (तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र) के पास संसद की कुल 543 सीटों में से 129 सीटें हैं, जो कुल राष्ट्रीय वोटर संख्या के महज 23.7 फीसदी का प्रतिनिधित्व करती हैं। जबकि इसकी तुलना में, चार उत्तरी सूबे (यूपी, बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश) जनगणना के हिसाब से सबसे अधिक लाभ ले रहे हैं। उनके पास 543 में से 197 सीटों का प्रतिनिधित्व है, यानी उनके पास संसद में पहले से ही 36.2 फीसदी वोट शेयर है, शेष बची सीटें 27 अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच बंटी हुई हैं। अगर आप दक्षिण भारत से हैं, जिसका सामना पहले ही अधिक दबदबे वाले उत्तर भारत से है और वह और अधिक प्रभुत्त्व बनाने की ओर अग्रसर है, तो आपको अपनी हैसियत खोने का डर जायज है। एक बात जो मैं समझ नहीं पाया, वो यह कि उच्चतम स्तर पर कोई गंभीर बातचीत क्यों नहीं चली। पारिवारिक विवादों से लेकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विवादों तक में, सदा संवाद ही समाधान का रास्ता रहा है। यह बातचीत किसी समस्या के आरंभिक लक्षण बनते ही या पैदा होने के बाद, कभी हो सकती है, फिर वार्ता करने में झिझक क्यों? बातचीत कमजोरी की निशानी न होकर समस्याएं सुलझाने की इच्छाशक्ति होती है और संवाद शुरू करने के लिए सबसे बढ़िया है कि बात सीधे संबंधित पक्ष से की जाए। सरकार उच्च स्तरीय प्रतिनिधियों के जरिये संबंधित राज्यों से बात करे, बातचीत खुलकर हो। दिमाग खुला रखकर कठिन से कठिन समस्याओं का समाधान संभव है।

यही बात पूर्वोत्तर पर भी लागू है। यह वो इलाका है, जहां पर सहमति और मतभेद हमेशा एक साथ मौजूद रहे हैं, वहां के मुद्दों पर राष्ट्रीय मीडिया और राजनेता आमतौर पर गायब रहते हैं। यहां मुख्य भूमि पर वहां के बारे में जो कुछ सुनते हैं, वह वहां जमीनी हकीकत पर ठीक उलट दिखाई देता है। समझौते की आड़ में नगालैंड पर कभी भूमिगत रहे तत्त्वों का राज दशकों से चला हुआ है, दीमापुर उनका गढ़ है, एक तरह से राजधानी। वे जब चाहें, जहां चाहें, नाकाबंदी कर देते हैं या उठा लेते हैं। केंद्र सरकार की मर्जी के खिलाफ मिजोरम म्यांमार से आने वाले लोगों को शरण दे रहा है और उनके लिए तथा मणिपुर के बेदखल हुए आदिवासियों के लिए सहायता शिविर स्थापित किए हैं। म्यांमार से लगती मणिपुर और मिजोरम की सीमा लगभग खुली है। मणिपुर त्रासदी जब से शुरू हुई है, कई लोगों की जान चली गई, और इससे कई गुना लोग बेघर हुए हैं और विभिन्न कबीलों के हथियारबंद गिरोह अपने–अपने इलाके में शासन चला रहे हैं। वे जब चाहें लूटपाट, बलात्कार और हत्या कर देते हैं, पुलिस शस्त्रागारों से बड़े पैमाने पर हथियारों की लूट हुई है। विभिन्न जनजातियों के सभी प्रमुखों के साथ वृहद बातचीत क्यों नदारद है? क्या केवल फौजी ताकत का प्रयोग ही समाधान है? देश के लिए पुरानी चिंता का अन्य स्रोत पंजाब और जम्मू–कश्मीर राज्य हैं। कुछ समय राहत के बाद वहां फिर से सरगर्मियां बढ़ी हैं। यह उस ज्वालामुखी की भांति है, जो सतह के नीचे धधकता रहता है और एक दिन अचानक फट जाता है। हालांकि, ज्वालामुखी के विपरीत, उपरोक्त वर्णित क्षेत्रों में हम शांति लाने के लिए कदम उठा सकते हैं।

केंद्र एवं राज्य सरकारों को संसद, राज्यों की विधानसभाओं और लोगों से बात करनी चाहिए। लोगों को विश्वास में लिया जाना चाहिए, शांति में हम सभी का हित है। पंजाब और जम्मू–कश्मीर, दोनों राज्यों में फिर से सरगर्मी बढ़ने लगी है और ऐसा लगता है कि सीमा पार के हमारे पड़ोसी एक बार फिर से आग भड़काने में लगे हैं। रोजाना गंभीर घटनाएं हो रही हैं और सरकार से हमें केवल लफ्फाजी सुनने को मिल रही है। धर्म और राजनीति का घालमेल एक घातक मिश्रण है, जैसा कि हम विगत में देख चुके हैं। ऐसी घटनाओं को दबायाा नहीं जा सकता। राजनीतिक दलों को स्वार्थ साधना बंद करना होगा और सरकार को अपनी इच्छाशक्ति और प्रशासन को अपना संकल्प दिखाना चाहिए दृ यदि अभी नहीं, तो कब?

लेखक मणिपुर के राज्यपाल एवं जम्मू–कश्मीर में पुलिस महानिदेशक रहे हैं।

# क्या राजनीति में सभी दाग अच्छे हैं?



–प्रियंका सौरभ–




बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास जैसी चिंताओं के बीच, एक परेशान करने वाला नया चलन सामने आया है, राजनीतिक दलों की वादा खिलाफी तथा नेताओं की अमर्यादित भाषा का। राजनीतिक दल अपने वादे पूरे करने में विफल रहे हैं और नेता अनुचित भाषा का सहारा ले रहे हैं। हमारी सड़कों की हालत बहुत खराब हैय कई इलाकों में, वे बमुश्किल ही सड़कों जैसी दिखती हैं। जल प्रबंधन और सीवेज सिस्टम जैसी जरूरी सेवाओं का अभाव है। चिकित्सा सुविधाएँ भी इसी तरह अपर्याप्त हैं, आबादी के सापेक्ष अस्पतालों की कमी है, और जो मौजूद हैं उनमें अक्सर जरूरी संसाधनों की कमी होती है। ऐसा लगता है कि नेता सिर्फ दिखावटी बनकर रह गए हैं, जो असली मुद्दों को हल करने की उपेक्षा कर रहे हैं। अतीत में, राजनेता अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करते थे, और राजनीति में जो संस्कृति, सभ्यता और शालीनता की भावना थी वो अब गायब हो गई है। आजकल, नेता अक्सर व्यक्तिगत हमलों में शामिल होते हैं, विमर्श की सीमा को पार करते हैं। राजनीति में भाषा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैय लोकतंत्र में, एक नेता की शक्ति भाषा पर उसके नियंत्रण से बहुत हद तक जुड़ी होती है। स्वतंत्रता के बाद से, राजनीतिक परिदृश्य नाटकीय रूप से बदल गया है, साथ ही राजनेताओं के आरोपों के लहजे और शैली में भी बदलाव आया है। आज कुछ नेता अपने विरोधियों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करते हैं, जबकि अन्य आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं। क्या हमारे राजनीतिक क्षेत्र में गरिमा की कोई भावना बची है? ऐसी भाषा का सहारा लेने से पहले, ये राजनेता देश और उसके नागरिकों के लिए संभावित नतीजों से बेखबर लगते हैं। अपने विरोधियों को कमतर आंकने की कोशिश में, नेता अक्सर ऐसे बयान देते हैं जो न केवल निरर्थक होते हैं बल्कि आपत्तिजनक भी होते हैं। ऐसी टिप्पणियाँ स्वस्थ और रचनात्मक राजनीति के आदर्शों को धूमिल करती हैं। क्या ये नकारात्मक प्रभाव हमारी राजनीतिक व्यवस्था में स्वीकार्य हैं? ये बयान स्वस्थ्य और अच्छी राजनीति की परिकल्पना पर दाग भी लगाते हैं. फिर भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती. क्या राजनीति में ये दाग अच्छे हैं?

हरियाणा विधानसभा में नेताओं द्वारा षगोबर पीने वालेष जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। चुनाव नजदीक आते ही राजनीतिक दल अक्सर स्वीकार्य भाषा की सीमाओं को लांघ देते हैं। पार्टी नेता अपनी बात बेबाकी से कहते हैं, अक्सर मुखर होकर बोलते हैं। चुनाव के मंच पर आरोप–प्रत्यारोप के अलावा व्यक्तिगत हमले अब संसद और विधानसभाओं में भी होने लगे हैं। उदाहरण के लिए, जब विधायक राजकुमार गौतम ने गोहाना में मिलावटी जलेबी बनने की बात कही, तो गोहाना के विधायक और कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि गौतम तो गोबर भी पीते हैं, उन्होंने कहा कि उन्हें जलेबी की गुणवत्ता की चिंता नहीं करनी चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे लोग सार्वजनिक धन की कीमत पर तुच्छ काम कर रहे हैं। हमें सोचना चाहिए कि हमारे देश के भविष्य को आकार देने वालों की भाषा कितनी खराब हो गई है। जागरूक मतदाताओं से ही राजनीतिक विमर्श में सुधार हो सकता है। तर्क–वितर्क और भ्रांतियों के बीच शब्दों के अर्थ विकृत होते जा रहे हैं, जो एक बड़ी चिंता का विषय है। यह स्पष्ट है कि आज के राजनीतिक परिदृश्य में भाषा के सम्मान की अवहेलना की जा रही है, और यह सब उन्हीं सदनों में हो रहा है जो लोकतंत्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए बने हैं। नेताओं द्वारा शब्दों का चयन कई सवाल खड़े करता है। उन्हें यह समझना चाहिए कि उनके अनुयायी उनकी बयानबाजी को ही दोहराएंगे। यह कोई अकेली घटना नहीं हैय कई नेताओं ने पहले भी विवादित टिप्पणियों से राजनीतिक क्षेत्र को कलंकित किया है। राजनीतिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन वे तेजी से स्पष्ट कलह में बदल रहे हैं। नेताओं को याद रखना चाहिए कि दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जैसे लोगों में सबसे कटु बात का उत्तर शालीनता से देने का कौशल था।

भाषा की टूटती मर्यादा आज के समय में घटते राजनीतिक मानकों का पैमाना है। एक नेता की असली क्षमता अक्सर उसके शब्दों के चयन में झलकती है। अगर राजनीतिक नेता यह पढ़ रहे हैं, तो उन्हें यह पहचानना चाहिए कि भाषा का सम्मान उनके कद को बढ़ाता है, जबकि अशिष्टता इसे कम करती है।

# हेडफोन–गेमिंग से बहरे होने का बढ़ता खतरा

– ललित गर्ग–



टेक्नोलॉजी विकास एवं उससे जुड़े नये–नये उपकरण आधुनिक जीवनशैली को भले ही बहुत आसान कर दिया हो लेकिन इसके अनियंत्रित उपयोग से भारी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। अक्सर देखा जाता है कि जॉब करने वाले माता–पिता अपना टाइम बचाने एवं सुविधा के लिए बच्चों को छोटी उम्र में ही फोन और हेडफोन का उपयोग करने के लिए देते हैं। लेकिन ये उपकरण उनके बच्चों के लिए कितने नुकसानदायक एवं खतरनाक हैं इसका खुलासा नये–नये अध्ययनों से सामने आ रहा है, जो चिन्ताजनक एवं डरावना है। ऐसे ही एक अध्ययन में यह आशंका जतायी गयी है कि लगातार कानों पर मोबाइल व ईयरफोन लगाने का बच्चों की श्रवण शक्ति पर नकारात्मक असर पड़ रहा है और वे बधिरता से ग्रस्त होते जा रहे हैं। रिपोर्ट की मानें तो पिछले कई महीनों में बच्चों के कानों में दर्द, सुनने में परेशानी, बधिरता और संक्रमण की शिकायतें बहुत ज्यादा आ रही हैं। वहीं डॉक्टर्स का कहना है कि इन उपकरणों के उपयोग से कानों पर काफी ज्यादा जोर पड़ता है और घंटो तक तेज आवाज सुनने से सुनने की क्षमता कमजोर पड़ जाती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भी इस खतरे की पुष्टि कर रहे हैं। इसीलिए अभिभावकों को सर्तक किया गया है कि बहुत अधिक स्क्रीन टाइम और गैजेट्स की तेज ध्वनि से बच्चों की रक्षा करें। दरअसल, डब्ल्यूएचओ की दक्षिण पूर्व एशिया की निदेशक साइमा वाजेद ने कहा है कि दुनिया में 1.40 अरब लोग इस संकट से प्रभावित हुए हैं। जिसमें 40 करोड़ लोग दक्षिण पूर्व एशिया में बधिरता से ग्रस्त हो रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार वर्ष 2050 तक 1.6 अरब लोग बधिरता से प्रभावित हो सकते हैं। जिनमें अधिकांश लोग मध्यम व कम आय वर्ग के होंगे। यूं तो साठ साल के बाद सुनने की क्षमता प्राकृतिक रूप से कम हो जाती है, लेकिन हाल के वर्षों में लगातार कानों में ईयरफोन आदि लगाने से यह संकट बच्चों एवं युवाओं में बढ़ता जा रहा है। खासकर वे बच्चे एवं युवा जो लगातार लेपटॉप व मोबाइल पर गेमिंग व अन्य कार्यक्रम तेज आवाज में घंटों सुनते रहते हैं। पहले कम सुनने की समस्या दिखायी देती है और कालांतर में यह समस्या बहरेपन में तब्दील हो जाती है। दरअसल, कानों पर तकनीकी शोर का इतना अधिक दबाव बढ़ गया है कि बच्चे एवं युवा अपनी सुनने की प्राकृतिक क्षमता खोने लगे हैं। जो एक विश्वव्यापी आसन्न गंभीर संकट को ही दर्शाता है, इसे नियंत्रित नहीं किया गया तो बहरों की दुनिया बनने से रोकना मुश्किल हो जायेगा।

विज्ञान के अनुसार, हमारे कानों के सुनने की क्षमता निर्धारित है। हमारे कानों के लिए 40 से 60 डेसिबल सुनने की क्षमता निर्धारित की है जो सही है, लेकिन इससे ऊपर यानी 85 से 100 डेसिबल साउंड कानों के लिए खतरनाक है। यूं तो बहरापन उम्र के साथ आता है लेकिन पिछले कुछ दशकों में कम सुनाई देने यानी बहरेपन की समस्या तेजी से युवाओं और बच्चों को अपना शिकार बना रही है और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जाहिर की है। युवाओं एवं बच्चों में बढ़ते मोबाइल एवं ईयरफोन के प्रचलन एवं तेज आवाज में गाने एवं संगीत सुनने की लत से पिछले कुछ सालों में बहरेपन का संकट बढ़ता जा रहा है। आंकड़ों की बात करें तो पिछले दशकों में दुनिया में 3.4 करोड़ से अधिक बच्चों में कम सुनाई देने की क्षमता के केस सामने आए हैं। यह दुनिया की एक भयावह एवं चुनौतीपूर्ण समस्या की ओर बढ़ने का संकेत है, एक पूरी पीढ़ी के बहरे होने की चुनौती को खड़ा कर रहा है। विडंबना यह है कि जीवनशैली में नित–नये आ रहे बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिये ऑनलाइन रहने की दलील ने बच्चों को मोबाइल–लेपटॉप–ईयरफोन का आदी बना दिया है। तेज आवाज का संगीत व तरह–तरह के कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। ऐसे में अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय–समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए।

हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि सामान्य तौर पर 60 साल के बाद लोगों में सुनने की क्षमता कम होने लगती है। लेकिन जिस तरह की जीवनशैली आज के युवा एवं बच्चे अपना रहे हैं, उससे कम उम्र में ही ये क्षमता कमजोर हो रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह ईयरफोन और हेडफोन को बताया जा रहा है। नए जमाने में हेडफोन और ईयरफोन भले ही काफी उपयोगी हों लेकिन इनका ज्यादा इस्तेमाल करने से युवा एवं बच्चें बहरेपन के रिस्क में आ रहे हैं। माना जा रहा है कि जितने ज्यादा डेसिमल में हेडफोन यूज किया जाएगा, उतना ही ज्यादा कानों को नुकसान होगा। जिस तरह से आजकल के युवा एवं बच्चे हैडफोन और ईयरफोन का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे उनके कान तेज आवाज के संपर्क में लगातार रहते हैं और इससे कान की नाजुक मांसपेशियों को नुकसान पहुंच रहा है एवं बहरेपन की समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।

दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन, लेपटोप, हैडफोन और ईयरफोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है।

